नग्गल में निशुल्क हैल्थ कैम्प 11 को, श्रीमती शक्तिरानी शर्मा करेंगी उदघाटन

अंबाला (ज्योतिकण)-अम्बाला हैल्थ केयर एण्ड वैल्फेयर सोसायटी अम्बाला शहर एवं श्रीमति श्यामो देवी मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट, अम्बाला शहर द्वारा 11 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नग्गल में एक विशाल निशुल्क हैल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। वैल्फेयर सोसायटी के प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का उदघाटन हरियाणा बाल परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमति शक्ति रानी शर्मा करेंगी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 पी.सी. शर्मा, दंत रोग विशेषज्ञ डा0 सन्नी सिंह आहलूवालिया सहित बच्चों, औरतों, हड्डियों, नाक, कान, गला तथा समान्य बीमारियों की जांच एम.एम मैडिकल कालेज मुलाना तथा स्वास्थ्य विभाग अम्बाला के डाक्टरों द्वारा की जायेगी। शिविर में आने वाले रोगियों के खून, पेशाब की जांच तथा ईसीजी इत्यादि की जांच की सुविधा भी मुफ्त उपलब्ध करवा दी जायेगी तथा सभी लोगों को सोसायटी की और से मुफ्त दवाईयां दी जायेगीं। उन्होंने बताया कि नग्गल गांव के आस-पास 36 गावों में रहने वाले मरीजों को कैम्प स्थल तक लाने के लिए निशुल्क बस सेवा श्री गौरख नाथ पोलटै क्नीक चौड़मस्तपुर द्वारा दी जाएगी। गौरतलब है कि सोसायटी द्वारा नग्गल में लगने वाला चौथा मैडिकल शिविर है। इससे पहले सिविल अस्पताल अम्बाला शहर तथा बलदेव नगर में तीन शिविर लगाये जा चुके हैं।

अंबाला भी पहुंची बम धमाकों की गूंज

अंबाला (पारस शर्मा)- दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर हुए बम धमाकों की देश में चारों तरफ कड़े शब्दों में निंदा की जा रही है। धमाकों के बाद पूरे देश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है और हर आने जाने वाले पर पुलिस पैनी नजर रखे हुए है। संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अंबाला में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। छावनी में जहां पुलिस ने बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया वहीं बसों में यात्रियों के सामान को भी खंगाला और कई यात्रियों की भी जांच की। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन की सुरक्षा भी कड़ी कर दी गई है क्योंकि अक्सर देशद्रोही ताकतों द्वारा स्टेशन को उड़ाने की धमकियां मिलती रही है। वहीं अंबाला शहर में ऐतिहासिक वामन द्वादशी मेले में हजारो की तादाद में भीड़ उमड़ती है, लोगों की सुरक्षा के लिए एसपी अंबाला शशांक आनंद ने वहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की और आज सुबह बम स्कावयड टीम ने मेला स्थल व अन्य कई संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया।